भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल

दिनांक :19.03.2026

फाइल संख्या: नीलामी/2025-26/आर.एस.-क/ 2241

अल्पकालीन नीलामी सूचना

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की तरफ से गेहूं की कंबाइन हार्वेस्टर मशीन द्वारा कटाई के बाद रिपर से भूसा बनाकर ले जाने हेतु नीलामी निविदा पत्र आमंत्रित करते हैं। निविदा हेतु विवरण निम्न प्रकार :

क्रम संख्या	नीलामी विवरण	अग्रिम राशि	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
1	गेहूं की कंबाइन हार्वेस्टर मशीन द्वारा कटाई के बाद रिपर से भूसा बनाकर ले जाने हेतु एरिया :177 एकड़	₹10,000/- डिमांड ड्राफ्ट	02 अप्रैल, 2026 सायं 2:50 बजे	02 अप्रैल, 2026 सायं 3:00 बजे

नोट: सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई अग्रिम राशि को सुरक्षा में परिवर्तित कर दिया जाएगा, जो कि कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर वापस की जाएगी, अन्यथा निविदाकार की अग्रिम राशि को प्रक्रिया समाप्त होने पर वापस किया जाएगा।

उपरोक्त नीलामी लेने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित निविदा प्रारूप सीलबंद लिफाफे में अपनी निविदा इस कार्यालय को जमा कर सकता है ।

निविदा हेतु नियम व शर्तें:

- नीलामी हेतु उपरोक्त माल का निरीक्षण प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रक्षेत्र प्रभारी से मिलकर किया जा सकता है।

- निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली किसी भी निविदा को स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने अथवा निविदाओं को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं।
- निविदा स्वीकार हो जाती है तो सबसे ऊंची निविदा देने वाले को निविदा की संपूर्ण राशि स्थल पर ही जमा करनी होगी।
- मजदूरी तथा परिवहन का सारा व्यय सफल निविदाकार को ही वहन करना होगा।
- आग एवं बरसात से रखरखाव स्वयं करना होगा।
- निविदा खुलने के समय निविदाकार स्वयं लिखित रूप में अधिकृत के माध्यम से कार्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते हैं।
- सभी निविदा बंद लिफाफे में जमा की जाएंगी। निविदा कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेजी जा सकती है। अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
- निविदाकार तथा उनके कर्मचारियों द्वारा संस्थान की संपत्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने पर इसकी क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी।
- ठेका अवधि नीलामी की 100 प्रतिशत राशि जमा करने के साथ ही प्रारंभ होगी।
- ठेकेदार दर प्रति एकड़ के हिसाब से भरेगा। उच्चतम बोलीदाता को ठेका दिया जाएगा।
- कंबाइन हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई के बाद तुरन्त खेत खाली करने की जिम्मेदारी सफल निविदाकार की होगी।
- संस्थान द्वारा निर्धारित आधार मूल्य से कम राशि प्राप्त होने की स्थिति में उस समय समिति के समक्ष ही पुनः बंद निविदा की प्रक्रिया भी की जा सकती है।
- निविदाकारों को निविदा के साथ बयाना राशि (EMD) रु .10,000/- अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल के नाम का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। किसी

अन्य रूप में बयाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसी निविदाएं तथा बिना बयाना की निविदाएं अस्वीकार की जाएंगी।

- बयाना राशि (EMD) का डिमांड ड्राफ्ट अल्पकालीन नीलामी सूचना के प्रकाशित होने के बाद जारी किया जाना चाहिए।
- भुगतान की विधि निविदा खुलने के उपरांत सफल निविदाकार को उनके द्वारा वर्णित राशि का 50 प्रतिशत भुगतान नकद निविदा खुलने के दिन करना होगा तथा शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान अगले कार्य दिवस में करना होगा।
- किसी भी विषय से संबंधित सर्वाधिकार भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल को सुरक्षित होगा।
- यदि कोई अन्य शर्त हुई तो वह नीलामी के समय घोषित कर दी जाएगी।

शिव कुमार यादव
19/03/2026
अध्यक्ष
19/3/2026

फार्म संख्या 1 (नीलामी दर पत्र)

1. निविदा देने वाले का नाम :

2. पत्राचार का पता :

3. दूरभाष संख्या :

4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय 02 अप्रैल, 2026 सायं 3:00 बजे

प्रक्षेत्र	कार्य	क्षेत्रफल	रेट प्रति एकड़
		177 एकड़	

नाम ____________________

तिथि ____________________

मोबाइल नं . ____________________

ईमेल ____________________

ठेकेदार के हस्ताक्षर निविदाकार की स्टाम्प सहित